# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 सितंबर, 2023

## यशोभूमि

भारत के प्रधानमंत्री ने हाल ही में द्वारका, नई दिल्ली में **यशोभूमि** नामक **इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर** (IICC) के **पहले चरण का उद्घाटन किया।**

- **8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक के कुल परियोजना क्षेत्र** और 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक के कुल निर्मित क्षेत्र के साथ '**यशोभूमि**' विश्व की सबसे बड़ी **बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियों** (Meetings, Incentives, Conferences, and Exhibitions- MICE) की **सुविधा वाले केंद्रों** में से एक होगी।
- 'यशोभूमि' स्थिरता के प्रति एक ठोस प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करती है **क्योंकि यह 100 प्रतिशत अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग**, वर्षा जल संचयन के प्रावधानों के साथ अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली से सुसज्जित है और **इसके परिसर को CII के भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) से प्लेटिनम प्रमाणन प्राप्त हुआ है।**

## सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की पारदर्शी पहल

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) **ने सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति में पारदर्शिता बढ़ाने** की एक पहल का खुलासा किया।

- संभावित न्यायिक नियुक्तियों के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन की अनिवार्यता को संबोधित करने के लिये CJI ने **विद्वानों, प्रशिक्षुओं और कानूनी शोधकर्ताओं की एक टीम की** पेशकश की है।
  - इस टीम की मुख्य ज़िम्मेदारी **भारत के उन शीर्ष 50 न्यायाधीशों का व्यापक मूल्यांकन** करना है, जिनकी सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्ति के लिये विचार किया जा रहा है।
- **सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग के तत्त्वावधान** में यह पहल, प्रक्रिया की गोपनीयता की सुरक्षा करते हुए पारदर्शी चयन मानदंड स्थापित करने हेतु की गई है।
- हालाँकि **शीर्ष 50 न्यायाधीशों की पहचान के लिये विशिष्ट मानदंड अभी तक स्पष्ट नहीं किये गए हैं।**
  - अब तक नियुक्तियाँ कई मानदंडों के आधार पर की जाती रही हैं, जिनमें तीसरे न्यायाधीश मामलों **के माध्यम से तैयार प्रक्रिया ज्ञापन का पालन करते हुए वरिष्ठता, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और योग्यता शामिल हैं।**

**और पढ़ें...**सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति

## हैदराबाद मुक्ति दिवस

वर्ष 2022 में **17 सितंबर को प्रतिवर्ष हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई।** यह दिन **निज़ाम शासन के तहत पूर्ववर्ती हैदराबाद राज्य के भारतीय संघ में विलय का प्रतीक है।**

- हैदराबाद, निज़ामों द्वारा शासित एक महत्त्वपूर्ण रियासत थी, जिसने ब्रिटिश संप्रभुता को स्वीकार किया था।
  - **जूनागढ़ और कश्मीर की तरह हैदराबाद 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता मिलने से पहले या बाद में भारत में शामिल नहीं हुआ**; इसके निज़ाम का **लक्ष्य स्वतंत्र रहना तथा अपनी सेना को मज़बूत करना था।**
  - हालाँकि **आंतरिक उथल-पुथल के कारण क्षेत्रीय अस्थिरता को रोकने** और हैदराबाद को भारत में एकीकृत करने के लिये **ऑपरेशन पोलो** के तहत 13 सितंबर, 1948 को **भारतीय सेना को हैदराबाद में प्रवेश करना पड़ा।**
- एकीकरण के बाद **निज़ाम ने भारत में शामिल होने वाले अन्य रियासती शासकों के समान, राज्य के प्रमुख के रूप में अपना पद बनाए रखा।**
  - पाकिस्तान के विरोध और अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बावजूद उसने संयुक्त राष्ट्र में की गई शिकायतें वापस ले लीं, जिसके **परिणामस्वरूप हैदराबाद संयुक्त राष्ट्र की भागीदारी के बिना भारत का हिस्सा बन गया।**

**और पढ़ें...** हैदराबाद मुक्ति दिवस

## अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई (ICC) दिवस, 2023

16 सितंबर, 2023 को **भारतीय तटरक्षक (ICG) ने सभी तटीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई (ICC) दिवस,** 2023 का आयोजन किया।

- वर्ष 2006 से **UNEP** और दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम (SACEP) (दक्षिण एशियाई क्षेत्र में) के तत्त्वावधान में **यह दिवस प्रतिवर्ष सितंबर के तीसरे शनिवार को विश्व भर में आयोजित** किया जाता है।
  - इस वर्ष **महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु में स्वयंसेवकों की सबसे अधिक भागीदारी** देखी गई।
- ICG की स्थापना **अगस्त 1978 में तटरक्षक अधिनियम, 1978 द्वारा भारत के एक स्वतंत्र सशस्त्र बल के रूप में** की गई थी।
  - **ICG** के गठन की अवधारणा **वर्ष 1971 के युद्ध** के बाद अस्तित्व में आई और एक बहुआयामी तटरक्षक बल की रूपरेखा **दूरदर्शी रुस्तमजी समिति (1974) द्वारा तैयार** की गई।
  - यह **विश्व का चौथा सबसे बड़ा तटरक्षक बल** है और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह **रक्षा मंत्रालय के अधीन** कार्य करता है।

**और पढ़ें...** भारतीय तटरक्षक बल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-september,-2023